प्रदेश में 7वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन

चर्चा में क्यों?

21 अक्टूबर, 2022 को मध्य प्रदेश आयुष विभाग ने आयुर्वेद दिवस के आयोजन के संबंध में ज़िला आयुष कार्यालय को दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि प्रदेश में 7वाँ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम 'हर दिन-हर घर आयुर्वेद'रखी गई है तथा कार्यक्रम की रूपरेखा 'आयुर्वेद/ 2047' थीम को रख कर तैयार की गई है। इस दिन आयुर्वेद के महत्त्व पर केंद्रित अनेक कार्यक्रम होंगे तथा ज़िला स्तर पर आयुर्वेद के जानकार विशेषज्ञों के व्याख्यान के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आयुर्वेद महाविद्यालयों में 23 सितंबर से आयुर्वेद के महत्त्व पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएँ निरंतर हो रही हैं, जिनमें भाषण प्रतियोगिता के अलावा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर की गतिविधियाँ प्रमुख हैं। शिविर में जन-सामान्य को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद, आयुर्वेद आहार, जिनमें मोटा अनाज की उपयोगिता, वरिष्ठजनों के लिये आयुर्वेद की उपयोगिता के साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा जन-सामान्य को औषधीय पौधों के महत्त्व के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।
- विदित है कि आयुर्वेद दिवस धनवंतरी जयंती के मौके पर वर्ष 2016 से लगातार आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद अस्पताल, 1773 आयुष औषधालय और हेल्थ वेलनेस सेंटर कार्यरत् हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/7th-national-ayurveda-day